आकाशवाणी चंडीगढ़

31 अगस्त 2024, समय 1810

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि महिलाओं पर अत्याचार और बच्चों की सुरक्षा, समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है।
- श्री मोदी ने सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने पर एक डाक टिकट और सिक्का जारी किया।
- केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ० जितेंद्र सिंह ने जैव प्रौद्योगिकी बायो ई-3 नीति जारी की।
- हरियाणा पुलिस बल में आज 704 पुलिसकर्मी शामिल हुए। पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने कहा कि पुलिस बल में इज़ाफा होने से चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी।
- निर्वाचन आयोग ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के लिए दूरदर्शन और आकाशवाणी के क्षेत्रीय केंद्रों से चुनाव प्रचार का समय निर्धारित किया।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि महिलाओं पर अत्याचार और बच्चों की सुरक्षा समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि देश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कानून बनाए गए हैं लेकिन इन्हें

और अधिक सक्रिय बनाने की ज़रूरत है।प्रधानमंत्री ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में जिला न्यायपालिका के दो दिन के राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार से संबंधित मामलों में जितनी जल्दी निर्णय लिए जाएंगे, उतने ही जल्दी महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो पाएगी। श्री मोदी ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने से लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि यह भारतीय लोकतंत्र के अधिक परिपक्व होने की भी यात्रा है। श्री मोदी ने कहा कि आपातकाल के समय में भी सर्वोच्च न्यायालय ने देशवासियों को मौलिक अधिकारों की गारंटी दी और राष्ट्रीय हित के किसी भी सवाल पर न्यायालय ने राष्ट्रीय एकता की हमेशा रक्षा की है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने कभी भी सर्वोच्च न्यायालय या भारतीय न्यायिक व्यवस्था पर सवाल नहीं उठाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे सत्यमेव जयते के सांस्कृतिक उदघोष को भी बल मिलता है। उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र में न्यायपालिका को संविधान का संरक्षक माना जाता है और यह अपने आप में ही एक बड़ी जिम्मेदारी है। श्री मोदी ने कहा कि लोग बड़े संतोष से यह कह सकते हैं कि सर्वोच्च न्यायालय ने अपने दायित्वों को पूरा करने के लिए उत्कृष्ट प्रयास किए हैं। भारतीय न्याय संहिता के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि इन कानूनों की भावना "नागरिक प्रथम, प्रतिष्ठा प्रथम और न्याय प्रथम" पर केंद्रित है। श्री मोदी ने कहा कि पिछले दस वर्षों में न्याय मिलने में देरी को दूर करने के लिए कई स्तरों पर काम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि देश में न्यायिक ढांचे के विकास के लिए करीब आठ हजार करोड़ रूपए खर्च किए गए हैं। प्रधानमंत्री ने सर्वोच्च न्यायालय की

स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने पर एक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी. वाई चंद्रचूड़ ने अपने संबोधन में कहा कि यह सम्मेलन, अखिल भारतीय जिला न्यायाधीश सम्मेलन की अगली कड़ी है। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन से जिला न्यायालय और प्रत्येक नागरिक के बीच संवाद हो पाएगा ताकि जिला न्यायालय के न्यायाधीश इन मुद्दों को समझ सकें और भविष्य की कानून व्यवस्था के प्रति सामूहिक परिकल्पना तैयार कर सकें।

..................................................................................

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ० जितेंद्र सिंह ने आज नई दिल्ली में अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और रोजगार के लिए जैव प्रौद्योगिकी- बायो ई-3 नीति 2024 जारी की। मीडिया को संबोधित करते हुए डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह नीति देश में उच्च क्षमता वाले जैव विनिर्माण को बढ़ावा देगी। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य की अर्थव्यवस्था जैव अर्थव्यवस्था से संचालित होगी। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस महीने की 24 तारीख को बायो ई-3 नीति को मंजूरी दी थी।

..................................................................................

हरियाणा पुलिस में आज 704 पुलिसकर्मी शामिल किए गए जिनमें 681 महिला सिपाही, 6 उप पुलिस अधीक्षक और 17 उप निरीक्षक शामिल हैं। हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन में आयोजित दीक्षांत परेड में मुख्य

अतिथि राष्ट्रीय अन्वेषण ब्यूरो के महानिदेशक सदानंद वसंतदाते ने अपने बैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने परेड से सलामी ली और प्रशिक्षण पाने वाले सभी पुलिसकर्मियों को पद एवं कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। परेड के विशिष्ट अतिथि पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने मीडिया से बातचीत में कहा :-

श्री कपूर ने कहा कि पुलिस बल में इज़ाफा होने से चुनाव में कानून व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी। विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पुलिस महानिदेशक ने कहा:-

उन्होंने कहा कि चुनाव में आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने के लिए अंतर-राज्यीय नाके लगाए गए हैं और उड़न दस्तों का गठन किया गया है। एक सवाल के जवाब में पुलिस महानिदेशक ने कहा कि साइबर अपराध रोकने में हरियाणा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। इस वर्ष जनवरी तक 2 हजार, 660 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। उनमें से 1800 अपराधी बाहरी राज्यों से हैं। उन्होंने कहा कि जुलाई माह से हर रोज़ 16 अपराधियों को गिरफ्तार किया जा रहा है।

................................................................................

निर्वाचन आयोग ने हरियाणा विधानसभा के चुनाव के लिए मान्यता प्राप्त 6 राष्ट्रीय व 2 क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के लिए दूरदर्शन व आकाशवाणी के क्षेत्रीय केंद्रों से चुनाव प्रचार-प्रसार करने का समय निर्धारित किया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि राष्ट्रीय दलों में भारतीय जनता पार्टी, इंडियन नेशनल कांग्रेस, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), बहुजन समाज पार्टी, राष्ट्रीय पीपुल्स पार्टी तथा आम आदमी पार्टी शामिल है। इसके अलावा, क्षेत्रीय दलों में इंडियन नेशनल लोकदल तथा जननायक जनता पार्टी शामिल है। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी को 197 मिनट, इंडियन नेशनल कांग्रेस को 162, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) को 45 मिनट, बहुजन समाज पार्टी को 62 मिनट, राष्ट्रीय पीपुल्स पार्टी को 45 मिनट तथा आम आदमी पार्टी को 47 मिनट का समय दिया गया है। इसी प्रकार, क्षेत्रीय दलों में इंडियन नेशनल लोकदल को 55 मिनट तथा जननायक जनता पार्टी को 107 मिनट का समय मिला है। श्री अग्रवाल ने बताया कि आयोग द्वारा पार्टी को आवंटित किया जाने वाला अतिरिक्त समय हरियाणा के पिछले विधानसभा चुनावों में पार्टी के प्रदर्शन के आधार पर तय किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रसारण के एक सत्र में किसी भी पार्टी को 15 मिनट से अधिक समय आवंटित नहीं किया जाएगा। प्रसारण की अवधि चुनाव के लिए उम्मीदवारों की सूची के प्रकाशन की तिथि से लेकर हरियाणा में मतदान की तिथि से दो दिन पहले तक होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राजनीतिक दलों को प्रसारण के लिए आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा। उन्होंने बताया कि पार्टियों को पहले से ही प्रतिलेख और रिकॉर्डिंग प्रस्तुत करनी

होगी। वे वैकल्पिक रूप से, पहले से अनुरोध करके दूरदर्शन और आकाशवाणी के स्टूडियो में इसे रिकॉर्ड करवा सकते हैं।

..................................................................................

हरियाणा पर्यटन दिवस की पूर्व संध्या पर आज पर्यटन विभाग, वन विभाग व खेल विभाग ने संयुक्त रूप से पंचकूला के मोरनी हिल्स के गांव ठाणे से गांव शम्भु तक 8 किलोमीटर की ट्रैकिंग का आयोजन किया । जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लगभग 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया । सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिए गए। इस अवसर पर हरियाणा पर्यटन विभाग के प्रबंध निदेशक सुनील कुमार धानक ने कहा कि हरियाणा पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य में विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करवाया जा रहा है। इसलिए प्रदेश भर में फ़ूड फेस्टिवल व मेले आयोजित किए जा रहे हैं। इसी के तहत मोरनी में ट्रैकिंग करवाई गई है । इसका मूल उद्देश्य लोगों को पर्यटन स्थलों के अतिरिक्त शिवालिक व अरावली में वैकल्पिक प्राकृतिक स्थानों से भी जोड़ना है।

..................................................................................

डी.ए.वी. शताब्दी महाविद्यालय के राष्ट्रीय कैडेट कोर. विभाग ने आज नए कैडेट्स के नामांकन के लिए संस्थान स्तर पर भर्ती प्रक्रिया आयोजित की। इस प्रक्रिया में प्रथम वर्ष के 300 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया में छात्रों को लिखित परीक्षा, शारीरिक परीक्षा और साक्षात्कार से गुजरना पड़ा। यह भर्ती प्रक्रिया सी.टी.ओ. डॉ. रश्मि

और नेत्रपाल सैन के मार्गदर्शन में पूरी की गई। शीर्ष 20 लड़कों और 12 लड़कियों को राष्ट्रीय कैडेट कोर के लिए चुना गया। कैडेट कैप्टन शिया शर्मा और पीओ कैडेट ध्रुव प्रजापति ने इस चयन प्रक्रिया का नेतृत्व किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की कार्यकारी प्राचार्या डॉ. अर्चना भाटिया ने छात्रों को कॉलेज की एन.सी.सी. गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

........................................................................